गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, इंडिया
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE : +91 11 26182955
फैक्स/FAX : +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail : info@gail.co.in

एनडी/गेल/सेक्ट/2015

अप्रैल 10, 2015

लिस्टिंग विभाग
नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड
एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल,
प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक,
बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व)
<u>मुंबई-400 051</u>

**विषय : <u>कॉर्पोरेट गवर्नेंस की तिमाही अनुपालन रिपोर्ट- खंड 49</u>**

प्रिय महोदय,
यह सूचीबद्धता समझौते के अनुपालन में है।

कृपया 31 मार्च 2015 को समाप्त तिमाही के लिए, निर्धारित प्रारूप में संलग्न कॉर्पोरेट गवर्नेंस की तिमाही अनुपालन रिपोर्ट प्राप्त करें।

उपर्युक्त आपकी सूचनार्थ एवं रिकार्ड हेतु है।

धन्यवाद,
भवदीय,

(एन.के. नागपाल)
कंपनी सचिव
**ई-मेल :** nknagpal@gail.co.in

**संलग्नक** : उपरोक्तानुसार
<u>प्रति</u> :

1. लिस्टिंग विभाग,
   बीएसई लिमिटेड
   फ्लोर 1, फिरोज जीजीभोय टॉवर्स,
   दलाल स्ट्रीट,
   मुंबई-400001

2. ड्यूश बैंक ए जी, फिलिआले मुंबई — के/ए सुश्री सविता देसाई
   टीएसएस एण्ड ग्लोबल इक्विटी सर्विसेस
   द कैपिटल, 14वीं मंजिल, सी-70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स,
   मुंबई-400051

# कॉरपोरेट गवर्नेंस पर तिमाही अनुपालन रिपोर्ट

**कंपनी का नाम : गेल (इंडिया) लिमिटेड**
**समाप्त तिमाही : 31 मार्च 2015**

| | विवरण | सूचीबद्धता करार की शर्त | अनुपालन की स्थिति हां / नहीं | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| **II.** | **निदेशक मण्डल** | 49 (II) | | |
| (क) | बोर्ड का संघटन | 49 ( IIA) | नहीं | कृपया टिप्पणी 1 देखें |
| (ख) | स्वतंत्र निदेशक | 49 (IIB) | नहीं | |
| (ग) | गैर-कार्यपालक निदेशकों की क्षतिपूर्ति एवं प्रकटन | 49 (IIC) | हां | |
| (घ) | बोर्ड तथा समिति के संबंध में अन्य प्रावधान | 49 (IID) | हां | |
| (ड.) | आचरण नियमावली | 49 (IIE) | हां | |
| (च) | विस्हिल ब्लोअर पॉलिसी | 49(IIF) | हां | |
| **III.** | **लेखा-परीक्षा समिति** | 49 (III) | | |
| (क) | अर्हताप्राप्त एवं स्वतंत्र लेखा-परीक्षा समिति | 49 ( IIIA) | हां | कृपया टिप्पणी 2 देखें |
| (ख) | लेखा-परीक्षा समिति की बैठक | 49 ( IIIB) | हां | |
| (ग) | लेखा-परीक्षा समिति की शक्तियाँ | 49 ( IIIC) | हां | |
| (घ) | लेखा-परीक्षा समिति की भूमिका | 49 ( IIID) | हां | |
| (ङ) | लेखा-परीक्षा समिति द्वारा सूचना की समीक्षा | 49 ( IIIE) | हां | |
| **IV** | **नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति** | 49(IV) | नहीं | कृपया टिप्पणी 3 देखें |
| **V** | **सहायक कंपनियाँ** | 49 (V) | हां | कृपया टिप्पणी 4 देखें |
| **VI** | **जोखिम प्रबंधन** | 49 (VI) | हां | |
| **VII** | **संबंधित पार्टी लेनदेन** | 49 (VII) | हां | |
| **VIII** | **प्रकटन** | 49 (VIII) | हां | |
| (क) | संबंधित पार्टी लेन-देन | 49 ( VIIIA) | हां | कृपया टिप्पणी 5 देखें |
| (ख) | लेखांकन उपचार का प्रकटन | 49 ( VIIIB) | हां | |
| (ग) | निदेशकों को पारिश्रमिक | 49 ( VIIIC) | हां | |
| (घ) | प्रबंधन | 49 ( VIIID) | हां | |
| (ड.) | शेयरधारक | 49 ( VIIIE) | हां | |
| (च) | सार्वजनिक निर्गमों, अधिकार निर्गमों, अधिमानी निर्गमों आदि से आय | 49 ( VIIIF) | लागू नहीं | |
| **IX** | **सीईओ/सीएफ़ओ प्रमाणन** | 49 (IX) | हां | वार्षिक रिपोर्ट 2013-14 में संकलित |
| **X.** | **कॉरपोरेट गवर्नेंस पर रिपोर्ट** | 49 (X) | हां | वार्षिक रिपोर्ट 2013-14 में संकलित |
| **XI.** | **अनुपालन** | 49 (XI) | हां | वार्षिक रिपोर्ट 2013-14 में संकलित |

(एन.के. नागपाल)
कंपनी सचिव

टिप्पणी :

1. 31.03.2015 को, गेल के बोर्ड में पांच पूर्णकालिक निदेशक हैं जिनमें सीएमडी तथा एक सरकार द्वारा नामित निदेशक शामिल हैं । गेल में कोई महिला निदेशक नहीं है । गेल के निदेशक मण्डल में स्वतंत्र निदेशकों की अवधि 28.02.2015 को समाप्त हुई । गेल पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत एक सरकारी कंपनी है; निदेशकों को भारत सरकार द्वारा नामित / नियुक्त किया जाता है । भारत सरकार अपेक्षित संख्या में स्वतंत्र निदेशक को चुनने की प्रक्रिया में है ।

   गेल एक सरकारी कंपनी है, स्वतंत्र निदेशकों का कार्यकाल, कार्य निष्पादन मूल्यांकन और अवधि का विस्तार कंपनी के नियंत्रण में नहीं है ।

2. ऊपर 1 में बताए गए अनुसार, गेल के निदेशक मंडल में प्रभावी तिथि 01.03.2015 से कोई स्वतंत्र निदेशक नहीं है । तथापि, गेल ने तीन सदस्यों की लेखापरीक्षा समिति का पुनर्गठन किया है जिसमें सभी सदस्य पूर्णकालिक निदेशक शामिल हैं ।

3. ऊपर 1 में बताए गए अनुसार, गेल के निदेशक मंडल में प्रभावी तिथि 01.03.2015 से कोई स्वतंत्र निदेशक नहीं है । तथापि, गेल ने तीन सदस्यों की नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति का पुनर्गठन किया है जिसमें अध्यक्ष गैर कार्यकारी निदेशक (सरकार नामित निदेशक) और दो सदस्य पूर्णकालिक निदेशक शामिल हैं ।

   गेल एक सरकारी कंपनी है, निदेशकों की नियुक्ति और उनके पारिश्रमिक निर्धारण की शक्ति भारत सरकार के पास है । तथापि, अन्य बातों के साथ-साथ कंपनी के कार्यपालक अधिकारियों के कार्यनिष्पादन संबंधित वेतन को मंजूरी देने के लिए कंपनी में नामांकन और पारिश्रमिक समिति है ।

4. गेल की कोई प्रमुख सहायक कंपनी नहीं है । तथापि, कंपनी ने संबंधित पक्ष लेनदेन पर नीति तैयार की है । जिसे कंपनी की वेबसाईट पर होस्ट किया गया है ।

5. कंपनी ने संबंधित पक्ष लेनदेन (संबंधित पक्ष लेन-देन की भौतिकता पर नीति और संबंधित पार्टी लेनदेन से निपटने की नीति) पर नीति तैयार की है । जिसे कंपनी की वेबसाइट पर होस्ट किया गया है ।

**प्रमुख संबंधित पार्टी लेनदेन**

पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड (पीपीएल) गेल का संयुक्त उद्यम है सूचीकरण करार के खंड 49 (VII) के प्रावधान के अनुसार कंपनी की संबंधित पार्टी है । भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन लिमिटेड और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की बराबर साझेदारी के साथ पीएलएल में गेल की 12.5% इक्विटी हिस्सेदारी है । अन्य बातों के साथ-साथ गेल पीएलएल से एलएनजी कार्गो खरीदता है और पुनर्गैसीकृत तरलीकृत प्राकृतिक गैस की आपूर्ति करता है और दहेज, (गुजरात) एवं कोच्चि, (केरला) में स्थित पीएलएल एलएनजी रिगैसिफिकेशन टर्मिनल की गैसीफिकेशन की सुविधा का उपयोग करता है ।

वित्तीय वर्ष 2014-15 में अंतिम लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2013-14 में पीएलएल के साथ लेनदेन गेल के वार्षिक समेकित टर्नओवर से 10% अधिक होने की संभावना है । वर्ष 2015 में आयोजित होने वाली वार्षिक आम बैठक में प्रमुख संबंधित पक्ष लेनदेन हेतु अपेक्षित होने पर शयरधारकों का अनुमोदन लिया जाएगा ।